भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2038

(15 दिसंबर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए)

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना का प्रभाव

2038. श्री नीरज डांगीः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2015-16 से वर्ष 2020-21 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस) के लाभार्थियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि उक्त योजना विधवाओं में गरीबी और असुरक्षा को कम करने में सक्षम रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ड.) देश भर में विधवाओं के मुद्दों का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस) के लाभार्थियों का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध** में संलग्न हैं।

(ख) से (ड.): इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) का एक घटक है जो 100% केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) है। 40 से 79 वर्ष के बीच आयुवर्ग के बीपीएल परिवार की विधवाओं को 300 रुपए प्रति माह सहायता प्रदान की जाती है। 80 वर्ष की आयु होने पर लाभार्थी को वृद्ध श्रेणी में शामिल कर दिया जाता है जहां वे 500 रुपए प्रति माह की बढ़ी हुई पेंशन प्राप्त करती हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र केंद्रीय सहायता को बढ़ा सकते हैं। यह योजना सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों मे भी चलाई जा रही है और गरीब विधवाओं के जीवन स्तर पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है। इसके अलावा, महिला और बाल विकास मंत्रालय विधवाओं के लिए आवास योजना के अंतर्गत सामाजिक और आर्थिक सहायता से रहित विकट परिस्थितियों से घिरी हुई महिलाओं के लिए आश्रय, भोजन और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराता है। परिवार की विधवा मुखिया एसएचजी आधारित कार्यक्रमों अर्थात् सशक्तीकरण, आजीविका सुरक्षा और वित्तीय समावेशन के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अस्पताल में दाखिल रोगियों हेतु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पीएम जन आरोग्य योजना आदि में शामिल होने की पात्र हैं।

******

राज्य सभा में दिनांक 15.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2038 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस) के लाभार्थी

वर्ष	लाभार्थियों की संख्या
2015-16	5390517
2016-17	5726184
2017-18	5846459
2018-19	5812556
2019-20	5935489
2020-21	6088717